# हम भूल गए रे कई बार मगर कभी श्याम नहीं भूले लिरिक्स

हम भूल गए रे कई बार,
मगर कभी श्याम नहीं भूले,
पग पग पे दिया है साथ,
नहीं एक बार कभी भूले,
हम भुल गए रे कई बार,
मगर कभी श्याम नहीं भूले।bd।

तर्ज – हम भूल गए रे हर।

---

कोई दु:ख में याद करे इनको,
ये लीले चढ़ कर आते है,
सुख आते ही नादानी में,
क्यों इनको वो बिसराते है,
ये छोड़े ना फिर भी हाथ,
जो इनके पाँव कभी छू ले,
हम भुल गए रे कई बार,
मगर कभी श्याम नहीं भूले।bd।

---

है भाव के भूखे श्याम प्रभु,
जो भाव से इनको रिझाते है,
वो बाबा को प्यारे लगते,
जो मीठे भजन सुनाते है,
सेवा कर ले निस्वार्थ,
तो हर परिवार फले फूले,
हम भुल गए रे कई बार,
मगर कभी श्याम नहीं भूले।bd।

---

जब देखे भक्त पे कष्ट कोई,
ये मोरछड़ी लहराते है,
किस्मत वाले होते 'टीटू',
खाटू में जिनको बुलाते है,
दर्शन दे दीनानाथ,
जो मन से नाम कभी तू ले,
हम भुल गए रे कई बार,
मगर कभी श्याम नहीं भूले।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हम भूल गए रे कई बार,
मगर कभी श्याम नहीं भूले,
पग पग पे दिया है साथ,
नहीं एक बार कभी भूले,
हम भुल गए रे कई बार,
मगर कभी श्याम नहीं भूले।bd।

**Singer – Karishma Chawla**

---

इसी तर्ज पर ये अन्य भजन देखें –

१. चाहे रूठे सब संसार।
२. चाहे छोड़ जाए सब साथ।
३. देखो ढूंढ रहे श्री राम।
४. मैंने पूछा हजारों बार।
५. तूने सिर पे धरा जो मेरे हाथ।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com